कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09.03.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में विशाका समिति एवं महिला सेल के तत्वावधान से प्राचार्य के मार्ग निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि लैंगिक समानता एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं को अपनी सफलता का जश्न मनाने का यह दिन है। संयोजक डॉ0 रेशमा लाकेश ने इस वर्ष की थीम 'गिव टू गेन' की चर्चा की। उनके अनुसार यह अभियान उदारता और सहयोग की मानसिकता को प्रोत्साहित करता है, साथ ही ये एक वैश्विक पहल है जिसमे योगदान देने का अह्वाहन किया गया है। ये दान, ज्ञान, शिक्षा, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, धन आदि हो सकता है। उच्च न्यायालय, बिलासपुर की अधिवक्ता सुश्री शहरीन सिद्दीकी ने विशाका समिति और कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा के महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, डॉ0 मोनिया राकेश सिंह, श्रीमती ज्योति भरणे ने महिला के समानता, अधिकार, स्थिति, कानून आदि पर अपने विचार रखे। छात्राओं में सुश्री आर्या अवस्थी, लुबना आलम ने कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाएँ प्रस्तुत किया एवं उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना बंजारे ने किया।

टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस